Regarding need to expedite implementation of Smart City Project in Muzaffarpur, Bihar-laid

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर): भारत सरकार ने वर्ष 2015 में देश के सौ शहरों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करके स्मार्ट सिटी मॉडल तैयार करने का निर्णय लिया था । यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प था और खुशी है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मुजफ्फरपुर, बिहार को भी इस योजना में शामिल किया गया था । मुजफ्फरपुर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने हेतु जिस प्रकार से कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है वह अत्यन्त असंतोषजनक व दुर्भाग्यजनक है । स्मार्ट सिटी परियोजना के कियान्वयन में एक टाउन प्लानर की अहम भूमिका होती है परन्तु मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों के अन्तर्गत जिस प्रकार से कार्य किए जा रहे हैं उसमें किसी अच्छे टाउन प्लानर की भूमिका प्रदर्शित नहीं हो रही है क्योंकि एक तरफ सड़कों का निर्माण होता है तो दूसरी तरफ किसी विभाग के द्वारा अपना केबल या पाईप लगाने या अन्य कार्य के लिए सड़क काट दी जाती है फिर सड़क का मरम्मतीकरण कराया जाता है तो फिर दूसरा विभाग आकर सड़क को खोद/काट देता है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कर दाताओं के धन का पूर्ण रूपेण दुरूपयोग किया जा रहा है । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी जल्द से जल्द पूरा हो ।